## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेड़ा के पंचायत सचिव जीतराम कुर्रे निलंबित

**रायगढ़ ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत सारंगढ़ ग्राम पंचायत रेड़ा के पंचायत सचिव जीतराम कुर्रे को जन्म मृत्यु पंजीयन, पेंशन, राशन कार्ड तथा अन्य शासकीय योजनाओं के कार्यों में लापरवाही बरतने, गौठान में गोबर खरीदी कार्य में रूचि नहीं लेने, मनरेगा अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण को पूर्ण नहीं कराये जाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को पूर्ण नहीं कराने, कोविड वैक्सीनेशन में रूचि नहीं लेना, मुख्यालय में निवास नहीं करना तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत पुसौर निर्धारित किया गया है।

### जिले में 131 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़ ।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 17 जून तक 131 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 21.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 122.4 मिली मीटर, पुसौर में 274.7, खरसिया में 125.2, सारंगढ़ में 192.7, बरमकेला में 107.1, घरघोड़ा में 124.6, तमनार में 107.4, लैलूंगा में 40.4 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 84.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई को

**रायगढ़।** रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई 2021 प्रातः10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन फार्म बालक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी धरमजयगढ़, कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा में कार्यालयीन अवधि प्रातः10.30 बजे से शाम 4 बजे तक एवं सहायक आयुक्त कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है। अभ्यर्थियों द्वारा कक्षा 5 वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं आवेदन फार्म में अभ्यर्थी की फोटो चस्पा किया जाकर शाला प्रमुख द्वारा सत्यापन किया जाना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात ही आवेदन फार्म पात्रता की श्रेणी में अंकित होगा।

### खड़ी ट्रैक्टर व ट्राली की चोरी, अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज

**रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अन्तर्गत वार्ड क्र. 8 नवापारा में रहने वाला विरेन्द्र प्रताप पुरसेठ द्वारा उसके महिन्द्रा ट्रेक्टर 415 रजिटेशन क्र. सीजी 13 एएल-4082 को दिनांक 16/06/2021 एवं दिनांक 17/06/2021 के मध्य ट्राली सहित हाई स्कूल घरघोडा के पास से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। ट्रेक्टर चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 175/2021 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### पूँजीपथरा में शराब बेच रहे आरोपी को आबकारी विभाग ने न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से रोकथाम लगाने सहायक आयुक्त आबकारी को निर्देशित किया था। पूँजीपथरा औद्योगिक क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर आबकारी ने टीम बनाकर छापामार कार्यवाही की। पूँजीपथरा के हरिमोहन माझी के घर की तलाशी ली गई। जिसमें 15 पॉऊचों में महुआ शराब भरी हुई बरामद की गई। वहीं बड़े साईज के पॉलीथिन पॉऊचों में एक-एक लीटर शराब बेचने के लिए तैयार किया जाना पाया गया। फैक्ट्री ईलाका मे 1 पॉऊच 200 रूपये मे बेचा जा रहा था। 15 लीटर अवैध आसवित शराब जप्त होने पर आरोपी को आबकारी एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार कर रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी की जमानत याचिका को निरस्त करते हुये जेल भेजने हेतु आदेशित किया है। रायगढ़ जिले मे अवैध शराब की सूचना मोबाईल में व्हॉटसप पर रमेश कुमार अग्रवाल 7354070154, शहर हेतु आशीष उप्पल 7987740105, पुसौर, सरिया क्षेत्र में रमेश सिदार 9109852347, खरसिया रंजीत गुप्ता 9993614747, घरघोड़ा लैलूंगा तमनार कुलदीप शर्मा 9009199557, धर्मजयगढ छाल विकास पाल 9098131301, सारंगढ़ बरमकेला कोसीर-अनिल बंजारे 7587459307 और टोल फ्री नंबर 14405 पर दी जा सकती है।

# मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अपग्रेड होगा धरमजयगढ़ का सिविल अस्पताल

» शिशु, स्त्री व अस्थि रोग से जुड़े इलाज व सर्जरी की मिलेगी सुविधा

» विशेषज्ञ चिकित्सकों की होगी पदस्थापना

» कलेक्टर भीम सिंह ने निरीक्षण कर तैयारी शुरू करने के दिए निर्देश



**रायगढ़ ।** जिले के दूरस्थ विकासखंड धरमजयगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ यहां मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल को मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अपग्रेड किया जा रहा है। कलेक्टर भीम सिंह ने आज जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के सर्जरी व एनीथीसिया विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ अस्पताल का निरीक्षण कर उन्नयन हेतु किये जाने वाले कार्यों व आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाना है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल को अपग्रेड किया जाना है। यहां शिशु, स्त्री व अस्थि रोग से जुड़े इलाज व सर्जरी की सुविधा यहां उपलब्ध होगी। इनके विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना यहां की जाएगी। जिससे अंचल के लोगों को यहीं पर गंभीर रोगों का इलाज मिल सके और उन्हें दूर न जाना पड़े। कलेक्टर सिंह ने उन्नयन संबंधी निर्माण कार्यों व उपकरणों की खरीदी का प्रस्ताव अगले तीन दिन में तैयार करने के निर्देश सीएमएचओ को दिये। जिससे तेजी से काम आगे बढ़ाया जा सके।

कलेक्टर सिंह ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सबसे पहले ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मरीजों के लिये सर्व-सुविधायुक्त वेटिंग एरिया बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके लिये परियोजना मद से स्वीकृत किये गये 10 लाख रुपये की राशि से दो माह में यह कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। अस्पताल में डॉक्टरों के बैठने की व्यवस्था को बेहतर करने तथा मरीजों की जांच के लिये डॉक्टर्स चेम्बर्स बनाने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने अस्पताल के मेडीसीन काउंटर को हटाकर वहां पर दो डॉक्टर चेम्बर्स बनाने के लिये कहा।

कलेक्टर सिंह ने इसके पश्चात आईपीडी कक्ष का निरीक्षण किया। इसे उन्होंने पूर्ण रूप से रिनोवेट करने के निर्देश दिये। पुराने सभी खिड़की, दरवाजों को बदलकर नये लगाने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने सीएसआर मद से अस्पताल के नवीनीकरण के लिये दिये गये 50 लाख रुपये की राशि का उपयोग करने के लिये कहा।

कलेक्टर सिंह ने अस्पताल के डिलीवरी कक्ष का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने होने वाले प्रसव की जानकारी ली तथा इसे बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने अस्पताल में पदस्थ सर्जन डॉ.लकड़ा से अस्पताल में किये जाने वाले सर्जरी के बारे में जानकारी ली। अस्पताल में कम संख्या में सर्जरी होने पर यहां पदस्थ सर्जन डॉ.लकड़ा को फटकार लगाते अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार की जा सकने वाली सर्जरी तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में मॉड्यूलर मॉर्चुरी बनाने के निर्देश दिये। इसके लिये वहां फ्रीजर तथा अन्य जरूरी उपकरणों की खरीदी के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने अस्पताल में पोषण पुनर्वास केन्द्र में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण कर अच्छी क्वालिटी के ईट तथा मटेरियल लगाने के निर्देश ठेकेदार को दिये। उन्होंने निर्माण एजेंसी हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर को निर्माण कार्य की क्वालिटी की सतत् जांच करते रहने के लिये कहा। इस दौरान एसडीएम संवित मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

❒ **बढ़ेंगे 20 बेड, लगेगा ऑक्सीजन प्लांट और पाइपलाइन–** कलेक्टर सिंह ने अस्पताल भवनों के बीच रिक्त स्थान में भवन का निर्माण कर मौजूदा स्थिति के 30 बेड को बढ़ाकर 50 करने के लिये कहा। उन्होंने जनरल वार्ड को भी रेनोवेट कर यहां टीवी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पताल में कोविड मरीजों के उपचार की दृष्टि से भी सुविधाएं तैयार की जाएंगी। इसके लिए यहां ऑक्सीजन प्लांट पाइपलाइन विस्तार का काम भी होने जा रहा है।

❒ **सर्व सुविधायुक्त आपरेशन थिएटर होगा तैयार–** अस्पताल में नया मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर तैयार किया जाएगा। इसके लिये कलेक्टर सिंह ने जरूरी उपकरणों के बारे में रायगढ़ मेडिकल कालेज से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों से जानकारी ली तथा उसके अनुसार एनीथीसिया तथा अन्य मशीनों की खरीदी का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने आपरेशन थिएटर के बाहर प्री और पोस्ट आपरेशन कार्यों के लिए अलग कक्ष निर्माण के निर्देश दिए।

## पशुओं को संक्रामक बीमारी से बचाने किया जा रहा टीकाकरण



**रायगढ़।** वर्षा काल प्रारंभ होते ही हरा चारा चरने से पशुओं में अनेक प्रकार की संक्रामक बीमारी उत्पन्न होने लगती है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आरएच पाण्डेय के निर्देशन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुओं को संक्रामक बीमारी से बचाने के लिये घर-घर जाकर पशुओं को टीकाकरण किया जा रहा है। जिले के समस्त विकासखण्डों में आज दिनांक तक विकासखण्ड रायगढ़ में 12 हजार 319, पुसौर में 14 हजार 880, सारंगढ़ में 6 हजार 660, बरमकेला में 8 हजार 207, खरसिया में 7 हजार 905, घरघोड़ा में 6 हजार 706, तमनार में 12 हजार 70, धरमजयगढ़ में 17 हजार 579 कुल 92 हजार 102 पशुओं का टीकाकरण किया गया है। सघन टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 16 जून को शहरी गौठान संबलपुरी में 350 पशुओं का खुरहा चपका, गलघोटू एवं एकटंगिया बीमारी के रोकथाम के लिये टीकाकरण किया गया है। पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के सभी पशुपालकों से आग्रह किया है कि वे विभागीय अमले को सहयोग करते हुये अपने पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण करायें।

## फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ करें तेजः एसपी

» क्राईम मीटिंग में एसपी ने थाना, चौकी प्रभारियों को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के दिये निर्देश



रायगढ़। अनलाक होते ही जिले के शांत वातावरण में अपराध पैठ न जमा पाये इसके लिये पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ नई कार्ययोजना और ऊर्जा के साथ कार्य करते नजर आ रहे हैं। दो दिन पहले दिनांक 15/06/2021 को उनके द्वारा जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई थी। आज पुनः उनके द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना प्रभारियों को संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु उल्लंघनकारियों पर कार्रवाई जारी रखने के साथ वैक्सीनेशन प्रोग्राम में सहयोग व सुरक्षा के इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कोविड व वैक्सीनेशन को लेकर किसी तरह की अफवाह फैलाने के मामले संज्ञान में आते हैं तो तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा राजपत्रित अधिकारियों को विवेचना त्रुटि रहित रहे, इस ओर विवेचकों को मार्गदर्शन करने कहा गया है तथा प्रभारियों को गंभीर पेंडिंग मामलों का समयावधि में विवेचना कर चालान पेश करने कहा गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अनलाक में अपराधों के बढ़ने की संभावना जताते हुए थाना प्रभारियों को बेसिक पुलिसिंग अन्तर्गत पेट्रोलिंग, गस्त एवं विजुअल पुलिसिंग पर कार्य करने कहा गया है। उनके द्वारा साइबर अपराध कम करने की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए ऑनलाइन ठगी के मामलों में पुलिस अधिकारी द्वारा पीडित के रकम रिकवर हो इसके लिये पूरा प्रयास करने कहा गया है।

क्राईम मीटिंग में थाना, चौकी प्रभारियों को वारंटियों एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने निर्देशित किया गया है, तथा सीएसपी एवं एसडीओपी को चिटफंड के मामलों का निकाल कराने व सूदखोरी, अवैध शराब, कबाड़ व सट्टा पर अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने वारंटियों एवं फरार आरोपियों के विशेष अभियान बाद लगातार सार्वजनिक जगह पर शराब सेवन व उत्पात मचाने वालों पर कार्यवाही कराने का निर्देश राजपत्रित अधिकारियों को दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा मानसून को लेकर संभावित अतिवृष्टि के लिए थाना प्रभारियों को विशेष तैयारी करने के निर्देश दिये गये हैं, जिससे जान, माल की क्षति को रोकी जा सके। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी तरीके से ट्रैफिक नियमों के अनुपालना लोगों से कराने के निर्देश एसपी द्वारा सभी प्रभारियों को दिया गया है।

## समूहों को समय पर हो लाभांश का वितरण-कलेक्टर भीम सिंह

» धरमजयगढ़ विकासखंड के बरतापाली गौठान के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर सिंह



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह आज धरमजयगढ़ विकासखंड के बरतापाली गौठान के निरीक्षण में पहुंचे। जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी इस दौरान साथ मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने गौठान में गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और बिक्री की जानकारी ली। उन्होंने गौठान की पंजियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी पंजियाँ नियमित रूप से संधारित की जाए। इसमें किसानों और सहकारी समितियों में विक्रय किये गए वर्मी कम्पोस्ट की पूरी जानकारी अपडेट करें। इस दौरान उन्होंने कम्पोस्ट निर्माण करने वाली महिला समूहों के लाभांश वितरण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने विक्रय किये कम्पोस्ट से समूहों का लाभांश समय पर उन्हें वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान के अतिरिक्त किसानों द्वारा समितियों से खरीदे जा रहे वर्मी कम्पोस्ट का नियमित फॉलोअप करने और किसानों के ऋणमान के विरुद्ध राशि प्राप्त होने पर समूहों को तत्काल उनका लाभांश वितरित करने के लिए कहा।

कलेक्टर सिंह गौठान में शेड का काम पूरा नहीं होने पर नाराजगी जताई तथा तत्काल काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्मी पिट के अलावा बाहर रखे गोबर को बारिश से सुरक्षित रखने के लिए उस स्थान पर अस्थाई शेड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गोठान निरीक्षण के दौरान वहां के मल्टी एक्टिविटी सेंटर में की जा रही गतिविधियों का भी जायजा लिया। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि महिला समूहों द्वारा वहां मछली पालन, मुर्गी व बकरी पालन किए जाने की योजना है। जिस पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने मल्टी एक्टिविटी वाले स्थान पर एक शेड तैयार करने के निर्देश दिए। जिसमें महिला समूहों द्वारा काम किया जा सके। इसके साथ ही वहां वर्मी कंपोस्ट का भंडारण भी किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह गौठान में पैरा का भंडारण बढ़ाने और चारागाह में हरा चारा उत्पादन करने के लिए कहा।

इस दौरान एसडीएम धरमजयगढ़ संबित मिश्रा, सीईओ जनपद आज्ञामणि पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

❒ **गौठान में वृक्षारोपण को दे बढ़ावा–** उन्होंने गौठान में अधिक से अधिक फलदार तथा अन्य वृक्ष लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इससे गौठान में कार्यरत समूहों की आय भी बढ़ेगी। इसके लिए उन्होंने गौठान के चारों ओर फेंसिंग तथा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला समूहों गौठान में हरी सब्जी के उत्पादन को भी बढ़ाने के लिए कहा।

## ऑनलाईन मोबाल मंगाकर नहीं किया भुगतान, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायगढ़।** थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में दिनांक 16/06/2021 को आवेदक अक्षत थवाईत पिता लक्ष्मण प्रसाद उम्र 20 वर्ष, निवासी बेलादुला रायगढ़, थाना चक्रधरनगर रायगढ़ द्वारा अनावेदक अविजीत कुमार साहा, निवासी रेलवे स्टेशन के पास रायगढ् के विरूद्ध ऑनलाइन मोबाइल का आर्डर देकर मोबाइल के रूपये अदा नहीं करने धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि अविजीत कुमार साहा रेडमी कंपनी का तीन नग मोबाईल क्रमश 11000, 11000 एवं 12300 कुल 34300 (चौतीस हजार तीन सौ रूपये) का दिनांक 25-05-2021 को आन लाईन मंगाया था जिसके रकम अविजीत साहा द्वारा बंधन बैंक का चेक देकर किया। अक्षत थवाईत, अविजीत के साथ बंधन बैंक जाकर रूपये निकालना चाहा पर रूपये नहीं निकला, तब अविजीत को नकद रूपये मांगा तो रूपये बाद में देना कहकर टाल दिया। आवेदक के शिकायत जांच पर अनावेदक द्वारा मोबाईल ऑनलाईन मंगाकर चेक देकर धोखाधडी करने पर धारा 420 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## महिला समूहों ने 2 माह में बेचे 14 लाख के ट्री गार्ड, 7 लाख का हुआ शुद्ध मुनाफा

» बांस के उत्पाद बनाने वाले तुरी समुदाय की महिलाओं को बिहान से जुड़कर मिली तरक्की की नई राह



**रायगढ़ ।** कोरोना महामारी कई लोगों की आजीविका में बाधा बन कर सामने आया। लेकिन बिहान योजना से जुड़ कर और प्रदान संस्था के मार्गदर्शन से चुनौतियों का सामना कर बाधाओं से अवसर प्रदान करने का मौका कोसमनारा गांव के बांस उत्पाद निर्माताओं को मिला।

कोसमनारा रायगढ़ शहर के पास एक छोटा सा गांव है, इस गांव के ज्यादातर लोग तुरी समुदाय के हैं। इस समुदाय के लोगों का मुख्य व्यवसाय बांस के उत्पाद बनाना है। पिछले साल कोविड से बचाव के लिए लंबे समय से लॉकडाउन में काम में हुए नुकसान के कारण गांवों में लोग परेशान थे। इस दौरान सरकार और जिला प्रशासन ने स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ-साथ अन्य लोगों को उनकी क्षमता और विशेषज्ञता के अनुसार कार्य उपलब्ध करवाने की दिशा काम किया गया ताकि उनके आय में बढ़ोतरी की जा सकें।

मनरेगा और गोठान से संबंधित कार्य मुख्य प्राथमिकता पर थे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। गोठान में वृक्षारोपण भी प्रमुख क्षेत्रों में से एक था और इन बागानों की रक्षा के लिए ट्री गार्ड की आवश्यकता थी। चूंकि पौधरोपण बड़े पैमाने पर हो रहा था, इसलिए काफी ट्री गार्ड की भी जरूरत थी। कोसमनारा अपने बांस के उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए इस गांव के लिए यह एक अवसर के रूप में आया। प्रदान संस्था ने बांस उत्पादन करने वाले समूहों को आजीविका योजना के प्रशिक्षण से इस अवसर से अवगत कराया और समूहों की जनपद अधिकारियों के साथ बैठक करने में सहयोग किया। इसके पश्चात अलग-अलग विभागों द्वारा ऑर्डर दिए गए और लोगों ने बांस के ट्री गार्ड बनाने शुरू कर दिए।

इस दौरान पांच स्व-सहायता समूह के 32 सदस्य ट्री गार्ड बनाने में शामिल रहे। प्रशासन ने विभिन्न विभागों के साथ संपर्क करने और अपने उत्पादों को बेचने के लिए उनकी मदद की। इस दौरान एक ट्री गार्ड के उत्पादन की लागत करीब 30 रुपये से 35 रुपये थी जो बिक्री मूल्य का आधा है। इस तरह इस समय उनके द्वारा 14 लाख तक का उत्पादन बिक्री किया गया जिसमें कुल लाभ लगभग 7 लाख है और यह आय दो महीने की समयावधि में है।

एसएचजी सदस्यों के साथ बात करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें बाजार में नहीं जाना पड़ा और उत्पादों को उनके दरवाजे पर बेचा जा रहा था और भुगतान भी तुरंत किया गया। पूरे लॉकडाउन अवधि के दौरान उन्हें आय के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं थी, वे अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते थे, कुछ परिवारों ने संपत्ति खरीदी जबकि अन्य ने भविष्य के खर्च के लिए रुपये जोड़े। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि महिला स्व सहायता समूहों का विभिन्न विभागों से लिंकेज हुआ और उन्हें अभी भी रायगढ़ जिले के विभिन्न ब्लॉकों से मांग आ रही है जिससे उन्हें आय का स्थायी स्रोत मिल गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480